NEW ERA PUBLIC SCHOOL RAJBAGH
SOLVED ASSIGNMENT OF TERM Ist
CLASS : 4th SESSION 2021
SUBJECT : HINDI



पाठ - 7
सानंद और सेवक राम

विशाल = बड़े , तमन्ना = इच्छा , ऐलान = घोषणा ,
आज्ञाकारी = आज्ञा मानने वाला

मौखिक ( उत्तर )
1. अमीर परिवार के पुत्र का नाम सानंद था ।
2. गरीब परिवार के पुत्र का नाम सेवक राम था ।
3. सेवक राम अपने पिता का आज्ञाकारी पुत्र था ।

लिखित ( उत्तर )
उत्तर क, सेवक राम के पिता ने सेवक राम को बुलाकर यह कहा , सुनो बेटा , अब तुम शहर जाओ और देखो लोग किस तरह से जीते हैं । मेरे पास तो गरीबी के अलावा कुछ नहीं है । तुम अपनी किस्मत खुद बनाकर अपने पैरों पर खड़े हो जाओ । " मगर एक बात हमेशा याद रखना , " कोई भी कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता । धीरे - धीरे ही आदमी परिश्रम से बड़ा होता है । "

उत्तर ख) सानंद , सेवक राम के साथ शहर इस लिए नहीं गया क्योंकि उसने सेवक राम

से यह कहा मेरे पिताजी के पास इतने सारे ऊँट, बकरियाँ और घोड़े हैं। मेरी खुशी तो इसी संपत्ति में है।

उत्तर- ग : लुटेरों के सरदार ने सानंद से क्या कहा, "हम लोग कुछ घोड़े चोरी करने के लिए जा रहे हैं। तुम भी हमारे साथ चलो। हमें तुम्हारी ज़रूरत है।"

उत्तर- घ : राजा को शतरंज खेलना पसंद था और हारने पर वह खिलाड़ी का सिर काट देता था।

उत्तर- ङ : सेवक राम ने राजा से यह माँगा कि इस राज्य में किसी को भी मौत की सज़ा नहीं दी जाए। मेरी यह बात अभी से लागू हो।" क्योंकि सेवक राम शतरंज का खेल चुका था।

उत्तर- च : हमने इस कथा से यह सीखा कि हमें हमेशा अक्लमंदी से काम लेना चाहिए।

बहुवैकल्पिक प्रश्न (उत्तर)

क, मित्र   ख, आलसी   ग, परिश्रमी

1. विपरीत शब्द (उत्तर)

क, डरपोक   ख, गरीब   ग, बुद्धिमान

घ, रंक

# पाठ - 8
# एक बूँद

**शब्द ज्ञान**

जी = मन, दैव - ईश्वर, बदा = लिखा, काल - समय, अनमनी = बिना इच्छा के, अक्सर = ज़्यादातर, लौ - समान

**मौखिक : (उत्तर)**

उत्तर-1 : इस कविता में बूँद के विषय में बात की गई है।

उत्तर-2 : हवा के वेग से बूँद सीप के मुँह में जा गिरी।

**1. लिखित : (उत्तर)**

उत्तर क : बादलों की गोद से निकलकर बूँद, मन में यह सोचने लगी कि घर से बाहर क्यों निकली।

उत्तर ख : बूँद सीप के मुँह में हवा के वेग से पहुँची।

उत्तर-ग : सीप में गिरने के बाद बूँद मोती बन गई।

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें

लोग यों ही हैं झिझकते, सोचते,
जब कि उनको छोड़ना है घर।
किंतु घर को छोड़ना अक्सर उन्हें,
बूँद लौं कुछ और ही देता है कर।

भाषा ज्ञान

1. पर्यायवाची शब्द लिखें:

क, बादल - मेघ   ग, हवा - वायु

ख, घर - गृह   घ, पहाड़ - पर्वत

2. सही उत्तर चुनकर (✓) का चिह्न लगाएँ :- (उत्तर)

क, एक बूँद

ख, सीप

ग, विशेष बना देना

---

पाठ - 9.

Pg no 47.

आधार पर वर्ग पहेली पूरी करें :

क, दूध और चावल से बना पदार्थ = खीर

ख, कच्चे आम और चीनी से बना पदार्थ = चटनी

ग, फलों का राजा = आम

ii, केवल दूध और चीनी से बना पदार्थ = खड़ी

ii, लाल रंग की गोल आकार की सब्जी = टमाटर

ii, सब्जी का नाम = मटर

# पाठ - 9
# मौजीराम और चटनी

शब्द ज्ञान
मित्र = दोस्त, स्वादिष्ट = स्वाद से भरपूर, अनुमान = अंदाजा, भुलक्कड़ = जिसे

मौखिक (उत्तर)
1. मौजीराम मौसी के घर गया था।
2. उसने घर जाकर माँ से खीर बनाने के लिए कहा।
3. मौजी जिद्द करने लगा और रोने लगा। तब माँ ने उसे कहा "तूने जिद्द की तो मार-मारकर तेरी चटनी बना दूँगी।" मौजी खुशी से चहक उठा और कहा, "माँ यही तो है जो मौसी ने मुझे खिलाई थी। मैं यही खाऊँगा चटनी।"

बहुवैकल्पिक प्रश्न (उत्तर).
क, मौजी ख, आम

1. पाठ के आधार पर दिए गए शब्दों के सही विशेषण लिखें:
क, मीठी - जलेबी घ, मेरी - माँ
ख, स्वादिष्ट - चटनी ङ., अच्छा - हलुआ
ग, एक - मित्र च, होशियार - लड़का

2. दिए गए शब्दों के वचन बदलें:

२. दिए शब्दों के वचन बदलें :

क, मिठाई - मिठाईयाँ ख, लड्डू - लड्डुओं

ग, जलेबी - जलेबियाँ घ, खीर - खीरों

ङ, चटनी - चटनीयाँ च, घर - घरों

छ) नदी - नदियाँ ज, मित्र - मित्रों

३. सही शब्द से खाली स्थान भरें :

क, रमा ने कुत्ते को रोटी दी ।

ख, पेड़ पर बन्दर उछल - कूद मचा रहे हैं ।

ग, माँ बेटे के लिए एक बैग लाई ।

घ, हमारा घर मौसी को पसंद आया ।

ङ.) बोतल में एक लिटर दूध है ।

च, मेरा घर विद्यालय से दूर हैं ।

५. रिश्ते जानें :

क. माँ की बहन = मौसी

ख, माँ का भाई = मामा

ग, पिता की बहन = बुआ

घ, पिता का छोटा भाई = चाचा

ङ, पिता का बड़ा भाई = ताऊ

च, माँ की माता जी = नानी

छ, माँ के पिता जी = नाना

ज, पिता की माता जी = दादी

झ, पिता के पिता जी = दादा

— o —

Scanned with CamScanner

# पाठ - 10
## सचिन तेंदुलकर

शब्द ज्ञान
रोमांचित = पुलकित, शतक = एक सौ, पुरस्कार = इनाम
कीर्तिमान = यशस्वी, सर्वाधिक = सबसे अधिक,
अंतर्राष्ट्रीय = दो से अधिक देशों के बीच में।

मौखिक (उत्तर)
उत्तर-1: क्रिकेट के खेल में ग्यारह खिलाड़ी होते हैं।

उत्तर 2: क्रिकेट प्रेमियों को सचिन तेंदुलकर का नाम रोमांचित करता है क्योंकि टेस्ट क्रिकेट में 15000 से अधिक रन बनाने वाले विश्व के एक मात्र खिलाड़ी हैं। एकदिवसीय क्रिकेट में भी उन्होंने सबसे अधिक शतक अर्जित किए हैं। 2008 में "पद्म विभूषण" और "राजीव गांधी खेल रत्न" पुरस्कारों से इन्हें सम्मानित किया गया है।

उत्तर-3: एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय खेल एक दिन खेले जाने वाला क्रिकेट मैच होता है।

बहुवैकल्पिक प्रश्न
क, सचिन तेंदुलकर ने अपने खेल की शुरुआत कब की?
i, (✓) 1973 ii, 1989 (X) iii, 2001 (X) (iv) 1822 (X)

ख, सचिन के कोच स्टम्पस पर क्या रख देते थे?

i, केला (×) ii, रुपया (×) iii, सिक्का (✓)
iv, गेंद (×).

ग, इनका पूरा नाम क्या है ?
i, सचिन खिलाडी तेंदुलकर (×)
ii, सचिन विमलेश तेंदुलकर (×)
iii, सचिन रमेश तेंदुलकर (✓)
iv, सचिन सुरेश तेंदुलकर (×)

—— o ——

(हिन्दी व्याकरण)

निबंध :

स्वतंत्रता दिवस (पंद्रह अगस्त)

15 अगस्त, 1947 का वह शुभ दिवस है, जब प्रत्येक भारतीय ने स्वतंत्रता की साँस ली थी। इस स्वतंत्रता को पाने के लिए असंख्य भारतीय नर नारियों ने बलिदान दिया था। देश को अंग्रेजो से स्वतंत्र कराने का एक बड़ा प्रयास 1857 में झाँसी की रानी, तात्या टोपे, कुँवर सिंह, मंगल पांडे, नाना साहब और गोखले, लाला लाजपत राय, महात्मा गांधी, विपिन चंद्र पाल, अरविंद घोस और सुभाष चंद्र बोस आदि असंख्य नेताओं ने स्वतंत्रता में भाग लिया था।

भगतसिंह, चंद्रशेखर आज़ाद, बटुकेश्वर दत्त और अशफ़ाकउल्ला सरीखे देशभक्तों ने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए हँसते - हँसते प्राणों की आहुति दी थी।

इस दिवस पर भारत के प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू ने लाल किले पर

तिरंगा ध्वज लहराया था। तब से लेकर आज तक हर साल लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़ी धूम-धाम से मनाया जाता है। इस दिवस पर लाखों नर नारी प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम भाषण सुनने के लिए लाल-किले पर एकत्रित होते हैं। यह स्वतंत्रता दिवस के प्रत्येक नगर व ग्राम में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह स्वतंत्रता दिवस देश में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह दिवस प्रत्येक भारतीय को राष्ट्र और प्रत्येक भारतीय को राष्ट्र और तिरंगे ध्वज का मान रखने का संदेश देता है।

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी

(Already done in Unit II)

विलोम (1-20)

आकाश = पाताल
उन्नति = अवनति
उचित = अनुचित
कठोर = कोमल
इष्ट = अनिष्ट
गहरा = उथला
दयालु = निर्दयी
प्राचीन = अर्वाचीन
शत्रु = मित्र
गुरु = शिष्य
पुरातन = नूतन

सेवक = स्वामी
सधवा = विधवा
सदाचार = दुराचार
आकर्षण = विकर्षण
इहलोक = परलोक
कटु = मधुर
एक = अनेक
गुण = दोष

पत्र

स्वास्थ्याधिकारी को क्षेत्र की सफाई के लिए पत्र लिखें। (unit II)

दिल्ली आगमन के लिए मित्र/सहेली को पत्र लिखें।

दिनांक : ------2020

प्रिय ------

सप्रेम नमस्ते,

यह जानकर अत्यंत खुशी हुई कि तुम परीक्षा में प्रथम आई हो। इसके लिए तुम बधाई की पात्र हो। इस बार गर्मियों की छुट्टियों में कुछ समय दिल्ली भ्रमण के लिए भी आओ। इस ऐतिहासिक स्थलों (जगहों) के भ्रमण में हम दोनों का समय आनंदपूर्वक बीतेगें। इतना ही नहीं ऐतिहासिक स्मारकों को देखने से इतिहास की विशेष जानकारी भी बढ़ेगी।

मुझे पत्र लिख कर सूचित करो कि तुम दिल्ली कब पधार रही हो।

तुम्हारी मित्र

क, ख, ग.

Scanned with CamScanner

Pg no 11.

पर्यायवाची - (1-10) Unit II (Already done in Unit II)
(11 - 20)

11. उपवन = बाग, उपवन, उद्यान, वाटिका ।
12. कमल = पंकज, राजीव, जलज, सरोज ।
13. किरण = अंशु, मयूख, रश्मि, मरीचि ।
14. गृह = घर, निकेतन, भवन, सदन ।
15. घोड़ा = अश्व, तुरंग, घोटक, वाजि ।
16. देह = शरीर, तन, काया, बदन ।
17. नयन = नेत्र, चक्षु, आँख, लोचन ।
18. नदी = सरिता, तटिनी, सरि, तरंगिणी ।
19. फूल = सुमन, पुष्प, कुसुम, प्रसून ।
20. मोर = मयूर, सारंग, केकी, अहिभक्षी ।

अनेक शब्दों के लिए एक शब्द : (1-10) Already done in Unit II)
(11 - 30)

11. जिसके समान कोई दूसरा न हो = अद्वितीय ।
12. जिसमें धैर्य न हो = अधीर
13. जिसके माता - पिता न हो = अनाथ
14. जो कभी बूढ़ा न हो = अजर
15. जो बीत चुका हो = अतीत
16. जिसका अंत न हो = अनंत
17. जहाँ पहुँचा न जा सके = अगम्य
18. जिसका कोई शत्रु न पैदा हुआ हो = अजातशत्रु
19. जिसकी उपमा न हो = अनुपम ।
20. जो पढ़ा - लिखा न हो = अशिक्षित

Scanned with CamScanner

लिंग बदलों : (1-20) Already done in Unit II
(21 - 30)

| | |
|---|---|
| चूहा = चुहिया, | लोटा = लुटिया |
| कुत्ता = कुतिया, | चिड़ा = चिड़िया |
| डिब्बा = डिबिया, | बंदर = बंदरिया |
| बूढ़ा = बुढ़िया, | मुन्ना = मुनिया |
| सुनार = सुनारिन, | चमार = चमारिन |

मुहावरें (1-20) Already done in Hindi Grammar.

प्र० : वचन किसे कहते है ? इसके कितने भेद है ? (Already done in Hindi Grammar)

प्र० : सर्वनाम किसे कहते है ? इसके कितने भेद है ? (Already done in Hindi Grammar)